प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

28 फरवरी 2023

2022-23 की तीसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने दस प्रमुख शहरों (अर्थात्, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई) के पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों के आधार पर, 2022-23 की तीसरी तिमाही के लिए अपना त्रैमासिक आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)[1] (आधार: 2010-11=100) जारी किया। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics > Real Sector > Price & Wages > Quarterly) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बिन्दु:

- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में 2022-23 की तीसरी तिमाही में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जो एक वर्ष पहले 3.1 प्रतिशत थी। एचपीआई मे वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि सभी शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही - यह 7.1 प्रतिशत (कोच्चि) की वृद्धि से लेकर 9.0 प्रतिशत (जयपुर) तक के संकुचन पर रही।

- क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में 2022-23 की तीसरी तिमाही में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी; जबकि, लखनऊ, कोलकाता और जयपुर के सूचकांक में क्रमिक संकुचन दर्ज की गई, शेष शहरों के लिए इसमें वृद्धि दर्ज की गई ।

चार्ट 1: अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक की गतिशीलता



(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1806

[1] एचपीआई के संकलन की पद्धति के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के अक्टूबर 2014 के अंक में प्रकाशित आलेख "आवास मूल्य सूचकांक: 2010-11 से 2013-14" (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx) का संदर्भ लें।